सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-580
25/11/2017

मुख्यमंत्री ने देहदान करने वाले बंगाली बाबू के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उन्हें दी श्रद्धांजलि

पटना, 25 नवम्बर 2017 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार नालंदा के रहुई प्रखंड के पैठना गांव में समाजसेवी स्व0 बंगाली प्रसाद सिंह के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्व0 बंगाली बाबू के परिजनों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने उन्हें सांत्वना दी। 92 वर्षीय बंगाली बाबू नवादा के जिला पौधा संरक्षण पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे और 1970 में सेवा से रिटायर हुए थे। उन्होंने अपना संपूर्ण शरीर दान करने का निर्णय लिया था और उनकी इसी अंतिम इच्छा के मुताबिक पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के नेत्र बैंक को उनके आंख तथा उनका पार्थिव शरीर पावापुरी स्थित वर्द्धमान मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया गया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, पूर्व विधायक इ0 श्री सुनील कुमार, स्व0 बंगाली बाबू के सुपुत्र अजित प्रसाद, अशोक सिन्हा, संजय कुमार पप्पू, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

****